**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 31 अक्टूबर, 2025 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज महान स्वतंत्रता सेनानी व आधुनिक भारत के शिल्पकार तथा भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर राज भवन में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि सरदार पटेल जी ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और रियासतों के एकीकरण के माध्यम से आधुनिक भारत की सुदृढ़ नींव रखी। उनका जीवन, त्याग और नेतृत्व देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

माननीय राज्यपाल ने इस अवसर पर समस्त राज्यवासियों को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज माननीय मंत्री, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, झारखण्ड सरकार श्री सुदिव्य कुमार ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने माननीय उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री से राज्य में उच्च शिक्षा की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए इसमें गुणवत्तापूर्ण सुधार की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में ऐसा शैक्षणिक वातावरण विकसित हो, जिससे राज्य के बाहर के विद्यार्थी भी यहाँ आकर शिक्षा ग्रहण करने की जिज्ञासा रखें।

राज्यपाल महोदय ने उक्त अवसर पर माननीय मंत्री को अपने सुपुत्र के विवाह उपरांत आयोजित 'आशीर्वाद समारोह' में सम्मिलित होने का आमंत्रण भी दिया।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की नवगठित टीम के एक शिष्टमंडल ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर राज्यपाल महोदय से शिष्टमंडल ने राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रोजगार, स्टार्ट-अप आदि विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल महोदय ने कहा कि वे सदैव राज्यहित एवं जनकल्याण के कार्यों में सहयोग के लिए उपलब्ध हैं और राज्य के समग्र विकास हेतु सभी के सक्रिय योगदान की अपेक्षा करते हैं।

शिष्टमंडल ने इस दौरान चाईबासा सदर अस्पताल में पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने से संबंधित मामले का भी उल्लेख किया।

---

(4) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज वरिष्ठ पत्रकार श्री अमरेन्द्र कुमार ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की तथा उन्हें अपनी स्वरचित पुस्तक 'नीले आकाश का सच' भेंट की।

राज्यपाल महोदय ने श्री अमरेन्द्र कुमार को पुस्तक की रचना हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और पुस्तक के लोकोपयोगी की कामना की।

---